कम विधायक होने पर सरकार बनाने का गुर पवार ने सिखाया : ठाकरे

पुणे में बुधवार को एक कार्यक्रम में राकांपा प्रमुख शरद पवार के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे

पुणे : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार ने उन्हें सिखाया कि कम जमीन पर कैसे अधिक फसल उपजाई जाती है और प्रतिद्वंद्वी से कम सीटें पाकर भी कैसे सरकार बनाई जाती है। ठाकरे यहां वसंत दादा चीनी संस्थान की वार्षिक आम सभा को संबोधित कर रहे थे। संस्थान के अध्यक्ष पवार भी इस दौरान मौजूद थे। अपने संबोधन के दौरान ठाकरे ने पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी चुटकी ली जो अक्सर कहते हैं कि भाजपा विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी है, हालांकि, उसने सत्ता गंवा दी है। भाजपा और शिवसेना ने साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन यह गठबंधन टूट गया और फिर शिवसेना ने राकांपा, कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनायी।ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया कि यह वही जगह थी, जहां किसी ने कहा था कि वह पवार की उंगली पकड़कर राजनीति में आये थे। मैं यह नहीं कहना चाहता कि राजनीति में मुझे लाकर पवार साहब ने एक और गलती कर दी। मोदी ने कुछ साल पहले संस्थान के एक कार्यक्रम में कहा था कि संप्रग सरकार में उस समय कृषि मंत्री रहे पवार ने उनका बहुत मार्गदर्शन किया, जब वह (मोदी) गुजरात के मुख्यमंत्री थे और दिल्ली की राजनीति से अनजान थे।

उद्धव का किसानों को पूरा ऋण माफी का आश्वासन

पुणे : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को राज्य में किसानों को पूर्ण कृषि ऋण माफी का आश्वासन दिया। ठाकरे का यह बयान शिवसेना की अगुवाई वाली सरकार द्वारा औपचारिक रूप से ऋण माफी योजना को मंजूरी देने के एक दिन बाद आया है, जिसके तहत एक अप्रैल 2015 से 31 मार्च, 2019 के बीच किसानों द्वारा लिए गए दो लाख रुपये तक के अल्पकालिक फसली ऋण को माफ किया जायेगा। ठाकरे ने यहां वसंतदादा चीनी संस्थान की वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।

जजपा में बगावत : रामकुमार गौतम ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

हिसार : लगभग साल भर पहले चौटाला परिवार में कलह के कारण इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) में टूट से बनी और इस समय हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन सरकार में शामिल जननायक जनता पार्टी (जजपा) को बुधवार को एक बड़ा झटका लगा जब इसके एक विधायक रामकुमार गौतम ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की घोषणा की।

अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश के वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को नारनौंद से हराकर विधायक चुने गये गोतम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'मैंने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है और पार्टी नहीं छोड़ी है।'' उन्होंने कहा कि देश में कानून ऐसा बना हुआ है कि वह पार्टी नहीं छोड़ सकते क्योंकि पार्टी छोड़ेंगे तो उन्हें विधायक पद भी छोड़ना पड़ेगा। जिन लोगों ने उन्हें वोट दिया है, उनका कुछ भला कर सकें, इसलिए पार्टी नहीं छोड़ रहे लेकिन जिस दिन विधायक का पद छोड़ेंगे, पार्टी भी छोड़ देंगे।

गौतम ने दावा किया कि दुष्यंत चौटाला उपमुख्यमंत्री नौ विधायकों के बल पर ही बने हैं, वरना कहां बन पाते। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि जजपा के टिकट पर लड़ने के कारण ही उनकी जीत हुई, उन्हें जाट बिरादरी के वोट मिले। संभवत: मंत्री न बनाये जाने से खफा गौतम ने कहा, उन्हें मंत्री बनाते तो दुष्यंत बड़ी उड़ान भरते, अब क्या है- अब तो खेल खत्म, पैसा हजम।

न्यूज ब्रीफ

एनपीआर को लेकर केन्द्र की नीयत साफ नहीं : कमलनाथ

भोपाल : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को लेकर केन्द्र में सत्तारूढ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी एनपीआर को लेकर नीयत साफ नहीं है। कमलनाथ ने यहां कांग्रेस के शांति मार्च के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि एनपीआर तो केन्द्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठनबंधन (संप्रग) सरकार भी लाना चाहती थी, लेकिन उसमें कोई राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) नहीं जुड़ा था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र की मौजूदा सरकार द्वारा एनपीआर में एनआरसी जोड़कर लाया जा रहा है, जिससे स्पष्ट है कि उनकी नीयत साफ नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के अंदरूनी लक्ष्यों को लेकर उनकी चिंता है।

मोदी ने दी क्रिसमस की बधाई

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बुधवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अपने बधाई ट्वीट में कहा कि हम बहुत खुशी के साथ ईसा मसीह के श्रेष्ठ विचारों को याद करते हैं। वे सेवा और करुणा के प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों के दुखों को कम करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं पूरी दुनिया में लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं।

तमिलनाडु के किसान ने बनाया प्रधानमंत्री मोदी का मंदिर

तिरुचिरापल्ली : तमिलनाडु के एक किसान ने अपने खेत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंदिर बनवाया है और कहा कि वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित है और उसे इसका फायदा भी मिला है। पी शंकर (50) नाम के इस किसान ने यहां से करीब 63 किलोमीटर दूर इराकुड़ी गांव में पिछले सप्ताह मंदिर का उद्घाटन किया और वह प्रतिदिन आरती करता है।

शिवराज की मांग

चंडीगढ़ : मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों को संसद में पारित नागरिकता कानून का विरोध करने से पहले अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र की सूची वाले नागरिकता कानून के बारे क्या कोई संवैधानिक निर्वाचित मुख्यमंत्री को इसका विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है,यदि वे इसका विरोध करना चाहते हैं तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। चौहान ने यहां पत्रकारों से कहा कि संविधान संघ सरकार के अधिकार क्षेत्र में नागरिकता से संबंधित सभी मामलों को लाता है। इसलिए पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी, मध्यप्रदेश के कमलनाथ, राजस्थान के अशोक गहलोत को अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिये। यदि वे संसद द्वारा पारित किए गए कानूनों के खिलाफ विरोध करना चाहते हैं, तो उन्हें पहले इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने बुधवार को यहां सुशासन दिवस के रूप में मनायी जा रही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी के बाद पत्रकारों से कहा कि कानून में धार्मिक आधार पर प्रतिपादित समानता के अधिकार का कहीं भी उल्लंघन नहीं है।

नहीं रहे गंगा प्रसाद 'विमल'

नयी दिल्ली : हिंदी के जानेमाने साहित्यकार तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर गंगा प्रसाद 'विमल' की गत दिनों श्रीलंका में ट्रक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। वे 80 वर्ष के थे।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तीन जून, 1939 में जन्मे विमल की पुत्री और नतिनी की भी इस दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। अभी तीनों का पार्थिव शरीर भारत नहीं आ पाया है। उनके परिजनों ने बताया कि विमल अपने परिवार के सदस्यों के साथ श्रीलंका घूमने गये थे जहां उनके वैन की टक्कर ट्रक हो गयी जिसमें तीनो की मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में उनका दामाद बुरी तरह घायल हो गया है जो दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव उमेश सहगल के पुत्र हैं। तीनों के पार्थिव शरीर को लाया जा रहा है। विमल केंद्रीय हिंदी निदेशालय के निदेशक भी रह चुके थे।

पटनायक ने ईसाइयों से कहा : मैं आप सभी के साथ हूं

भुवनेश्वर : बीजद द्वारा नागरिकता (संशोधन) विधेयक का समर्थन किये जाने को लेकर आलोचनाओं के बीच ओडिशा के मुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख नवीन पटनायक ने बुधवार को ईसाई समुदाय के लोगों को यह याद दिलाने का प्रयास किया कि वह उनका समर्थन करना जारी रखेंगे।

पटनायक का यह बयान ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब उनकी धर्मनिरपेक्ष साख पर उंगली उठायी जा रही है क्योंकि उनकी पार्टी ने संसद में संशोधित कानून का समर्थन किया था। पटनायक ने यद्यपि स्पष्ट किया कि वह पूरे देश में एनआरसी कवायद के पक्ष में नहीं हैं।

राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के सुशासन आकलन के लिए सूचकांक की शुरुआत

नयी दिल्ली : देश में सुशासन की स्थिति के आकलन के लिए केंद्र सरकार ने बुधवार को सुशासन सूचकांक (जीजीआई) की शुरुआत की।

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, इस सूचकांक का मकसद सभी राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में सुशासन की स्थिति की तुलना के लिए जरूरी आंकड़ा मुहैया कराकर परिणाम उन्मुखी दृष्टिकोण और प्रशासन की तरफ बढ़ना है। इसके साथ, शासन को बेहतर करने के लिए नीतियां तैयार करना और उपयुक्त रणनीति लागू करना है। बयान में कहा गया कि संकेतकों को चुनते समय विभिन्न सिद्धांतों को ध्यान में रखा गया है। जैसे कि यह समझने और आकलन में आसान होना चाहिए, नागरिक केंद्रित और नतीजे देने वाला हो, परिणाम बेहतर हो रहा हो और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए लागू हो। बयान में कहा गया कि सुशासन सूचकांक राज्यों में सुशासन की स्थिति और राज्य सरकार तथा केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक समान साधन है। जीजीआई में 10 क्षेत्रों पर विचार किया जायेगा। इसमें कृषि और संबद्ध क्षेत्र, वाणिज्य और उद्योग, मानव संसाधन विकास, लोक स्वास्थ्य, सार्वजिनक आधारभूत संरचना और सुविधाएं, आर्थिक सुशासन, समाज कल्याण एवं विकास, न्यायिक एवं जन सुरक्षा, पर्यावरण और नागरिक केंद्रित प्रशासन शामिल हैं।

सुशासन के इन 10 क्षेत्रों का आगे कुल 50 संकेतकों पर आकलन किया जायेगा। इन संकेतकों को मूल्य की गणना करने के लिए शासन क्षेत्र के तहत अलग-अलग भारांक दिए गए हैं। इसके अंतर्गत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तीन समूहों में बांटा गया है। बड़े राज्य, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश।

त्रिपुरा में आदिवासी समुदायों के अधिकार रक्षा के लिए नया संगठन

अगरतला : संशोधित नागरिकता कानून को लेकर जनता में आक्रोश के बीच कांग्रेस की त्रिपुरा इकाई के पूर्व अध्यक्ष प्रद्युत किशोर माणिक्य देबबर्मन ने राज्य में 'आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने' के उद्देश्य से एक नये 'अराजनैतिक संगठन'-इंडिजिनियस प्रोग्रेसिव रीजनल एलायंस (टीआईपीआरए) के गठन की घोषणा की है।

शाही परिवार के सदस्य देबबर्मन ने कहा कि यह संगठन संशोधित नागरिकता कानून, 2019 (सीएए) के खिलाफ आठ जनवरी को एक 'शांतिपूर्ण आंदोलन' शुरू करेगा।

एनआरसी के लिए डेटाबेस का काम करेगा एनपीआर : अरुंधति

नयी दिल्ली : लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय ने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर का विरोध करने का आह्वान करते हुए बुधवार को दावा किया कि यह राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के लिए डेटाबेस का काम करेगा।

रॉय ने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक विरोध सभा को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर(एनआरसी) का लक्ष्य देश के मुस्लिम हैं। रॉय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एनआरसी मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एनपीआर के अंतर्गत अधिकारी लोगों के घरों तक जाकर उनका नाम पता और अन्य जानकारी एकत्र करेंगे। उन्होंने कहा कि वे आपके घरों तक जायेंगे, आपका नाम, फोन नंबर और आधार ड्राइविंग लाइसेंस जैसे कागजात के बारे में पूछेंगे। हमें इसके खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से लड़ना होगा। जब वे एनपीआर के लिए आपके घर आयें तो आप उन्हें दूसरा नाम बता दें। पते के लिए आप उन्हें 7 आरसीआर बताएं। हमें दबाने के लिए बहुत सारी ताकत लगेगी। हम लोग लाठी और गोली खाने के लिए पैदा नहीं हुए हैं। एजेंसियां

मेंगलुरू पुलिस गोलीबारी के पीड़ितों को मुआवजा नहीं : येदियुरप्पा

मेंगलुरू : कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने मेंगलुरू में पुलिस की गोलीबारी मारे गये दो लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने के अपने आदेश को पलट दिया है।

येदियुरप्पा ने बुधवार को संवाददताओं से बातचीत में कहा कि 19 दिसंबर को मेंगलुरू में हुई हिंसा में पुलिस की गोली लगने से दो लोग मारे गये लोगों के परिजनों को मुआवजा नहीं देने का फैसला किया गया है क्योंकि दोनों आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे थे और ऐसे लोगों को मुआवजा दिये जाने की कोई परिपाटी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुआवजे के भुगतान का फैसला राज्य सरकार द्वारा निर्देशित सीआईडी और मजिस्ट्रेट जांच के पूरा होने के बाद ही लिया जायेगा।

इंजीनियरिंग की छात्रा से प्रोफेसर ने किया बलात्कार

हैदराबाद : शहर के एक निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग की छात्रा से संस्थान के सहायक प्राध्यापक ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 19 वर्षीय छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा कि सहायक प्राध्यापक ने सोमवार को उसे लैब में बुलाया और उससे बलात्कार किया।

एसीबी ने दी अजित पवार को क्लीन चिट

नागपुर : महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक परमबीर सिंह ने पिछले सप्ताह सिंचाई घोटाले में दायर अपने हलफनामे में त्रुटि के लिए माफी मांगते हुए बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ में एक नया हलफनामा दायर किया है जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजीत पवार को क्लिन चिट दे दी गयी है।

हलफनामा सिंचाई घोटाले को लेकर है जिसमें राकांपा नेता अजीत पवार पहले अभियुक्त बनाये गये थे। इससे पहले 19 दिसंबर को दायर अपने अंतिम हलफनामे में सिंह ने कहा कि पहले के महानिदेशक संजय बारे ने 'अजीत पवार की भूमिका के बारे में एक विशेष रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दी थी' जब उन्होंने पिछले साल इसी मुद्दे के बारे में एक हलफनामा दायर किया था। सिंह की ओर से दायर हलफनामा में कहा गया है,

93 लाख की ठगी करने वाले दो लोगों पर मामला दर्ज

ठाणे : महाराष्ट्र में दो लोगों पर करीब 35 निवेशकों से 93 लाख रुपये की ठगी करने का मामला दर्ज हुआ है। इन दोनों पर आरोप है कि उन्होंने निवेशकों को निवेश पर अच्छी राशि वापस दिलाने के बहाने ठगी की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुमताज आलम शेख और मोहम्मद अयूब हुसैन एक निवेश कंपनी रिदाज इंडिया प्रॉपर्टीज के जरिये काम करते थे। इसका कार्यालय शहर के कपूरबावड़ी में है। अधिकारी ने बताया कि हुसैन इस कंपनी का मालिक है जबकि शेख उसका प्रबंधक है। उन्होंने बताया, '2015 से दोनों, लोगों से जमीन, निर्माण, घर, कंपनी और बागवानी आदि योजनाओं में इस वादे के साथ निवेश कराते थे कि वह बाद में मोटी धनराशि वापस करेंगे।

एक गांव के दलितों ने इस्लाम स्वीकार करने की बात कही

कोयंबटूर : नादुर गांव में दलित समुदाय के कुछ लोगों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए इस्लाम स्वीकार कर लेने की बात कही है। इनमें कई लोग उन परिवारों से हैं जिनके 17 सदस्यों की हाल ही में एक दीवार गिरने की वजह से मौत हो गई थी।दलितों ने कहा है कि वे पांच जनवरी को इस्लाम स्वीकार कर लेंगे। उन्होंने बताया कि वे तमिल पुलिगल काची (टीपीके) के सदस्य हैं और नादुर गांव के रहने वाले हैं।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि कि 2,000 से ज्यादा दलितों ने इस्लाम स्वीकार लेने की इच्छा जाहिर की है। यह निर्णय मकान मालिक के खिलाफ एससी/एसटी (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत कथित तौर पर कार्रवाई नहीं होने के बाद लिया गया है।

याद किये गये वाजपेयी और महामना मालवीय

नयी दिल्ली : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वतंत्रता सेनानी एवं शिक्षाविद पंडित मदन मोहन मालवीय को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और नेताओं ने बुधवार को वाजपेयी को उनकी 95वीं जयंती के अवसर पर दिल्ली स्थित उनके स्मारक 'सदैव अटल' पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एक प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि अटल बिहार वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। भाजपा इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया। अपने श्रद्धंजलि संदेश में इन नेताओं ने कहा कि दिवंगत वाजपेयी ने अपनी राष्ट्रवादी सोच, बेदाग छवि और राष्ट्र समर्पित जीवन से भारतीय राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी। विचारधारा और सिद्धांतों पर आधारित उनके जीवन में सत्ता का तनिक मात्र मोह नहीं रहा। उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते देखा।

'आरएसएस भारत की 130 करोड़ आबादी को हिंदू समाज मानता है'

हैदराबाद : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि संघ भारत की 130 करोड़ आबादी को हिंदू समाज के रूप में मानता है, चाहे उनका धर्म और संस्कृति कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति पर ध्यान दिये बिना, जो लोग राष्ट्रवादी भावना रखते हैं और भारत की संस्कृति तथा उसकी विरासत का सम्मान करते हैं, वे हिंदू हैं और आरएसएस देश के 130 करोड़ लोगों को हिंदू मानता है। संपूर्ण समाज हमारा है और संघ का उद्देश्य संगठित समाज का निर्माण करना है। भागवत ने कहा, 'भारत माता का सपूत, चाहे वह कोई भी भाषा बोले, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो, किसी स्वरूप में पूजा करता हो या किसी भी तरह की पूजा में विश्वास नहीं करता हो, एक हिंदू है। भागवत तेलंगाना से आरएसएस सदस्यों के तीन दिवसीय 'विजय संकल्प शिविर' के तहत यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

डर पैदा करने वाले लोग देश के लिए खतरा : भागवत ने कहा कि जो लोग आम जनता के मन में डर पैदा कर रहे हैं, वे देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को देश की तरक्की के लिए एकजुट होकर आगे आना चाहिए। दुनिया को मार्गदर्शन की जरूरत है जो उसे भारत दे सकता है।

गैर सचिवालय क्लर्क परीक्षा पेपर लीक मामले में छह गिरफ्तार

गांधीनगर : गुजरात गौण सेवा पसंदगी मंडल (सबोर्डिनेट सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड) की गैर सचिवालय क्लर्क परीक्षा में पेपर लीक के मामले में पुलिस ने छह लोगों को पकड़ा है।

इस मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल के सदस्य तथा गांधीनगर रेंज के आईजी मयंकसिंह चावड़ा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अब तक केवल एक केंद्र अहमदाबाद के दानीलीमड़ा स्थित एमएस स्कूल से ही पेपर लीक का मामला प्रकाश में आया है। ऐसा अन्य केंद्रों पर भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस मामले में स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय वाघेला, मानद संचालक फारूख कुरैशी, जो स्कूल के वास्तविक संचालक नवाब बिल्डर का साला है, को भी पकड़ा गया है। नवाब हाल में अहमदाबाद के शाहआलम इलाके में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में पकड़े गये स्थानीय कांग्रेस कार्पोरेटर शाहजाद पठान के चाचा हैं।

पेपर को मोबाइल फोन में फोटो लेकर परीक्षा से दो घंटे पहले लीक किया गया था। पहले बरामद कुछ फोन के व्हाट्सऐप और टेलीग्राम ऐप से मिले इन फोटो की जांच के आधार पर हुई आगे की तहकीकात के बाद इन छह लोगों को पकड़ा गया है। इनमें स्कूल का शिक्षक फारूक तथा दीपक जोशी, कांग्रेस का स्थानीय नेता लखविंदर सिंह और राम गढ़वी शामिल हैं हालांकि मुख्य साजिशकर्ता प्रकाशदान गढ़वी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

ज्ञातव्य है कि 17 नवंबर को हुई परीक्षा, जिसमें आठ लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठे थे, को कदाचार के आरोपों और परीक्षार्थियों के विरोध प्रदर्शन के बाद गत 16 दिसंबर को रद्द कर दिया गया था। इससे पहले पांच दिसंबर को सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया था।

कार्टूनिस्ट गुरेरा का सम्मान

गुरुग्राम : गुरुग्राम स्थित 'किंगडम ऑफ ड्रीम्स' में आयोजित समारोह 'हरियाणा गरिमा अवॉर्ड्स' में वरिष्ठ सम्पादकीय कार्टूनिस्ट शेखर गुरेरा को 'आइकॉन ऑफ़ हरियाणा' से नवाजा गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि सिरसा की सांसद सुनीता दुग्गल एवं समारोह की अध्यक्ष जैकलिन ने दिया।

मोदी-शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी, युवक गिरफ्तार

बेलगावी : प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को कहा कि संकेश्वर निवासी अमन वाहिद अवाते ने टिक-टॉक वीडियो बनाकर मोदी और अन्य शीर्ष नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। कुछ स्थानीय लोगों पुलिस को इसकी सूचना दी और उन्होंने अवाते को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोप लगाया कि ये वीडियो शांति और सौहार्द को भंग करने के लिए बनाये गये हैं।

जाइंट व्हील राइड में फंसे 50 लोगों को बचाया गया

सूरत : सूरत के बाहरी इलाके में स्थित मोरा गांव में लगे एक मेले में लगभग 30 मीटर ऊंचे जाइंट व्हील राइड के तकनीकी गड़बड़ी से अचानक रुक जाने के कारण इसके ऊपरी हिस्से में फंसी महिलाओं और बच्चों समेत 50 लोगों को अग्निशमन विभाग की टीम ने सकुशल बचा कर नीचे उतारा। सूरत महानगरपालिका के प्रभारी उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक एच मखीजानी ने बताया कि लगभग 30 मीटर ऊंचा उक्त राइड इसके शाफ्ट के अचानक टूट जाने से रुक गया।

फारुक टकला के खिलाफ जालसाजी मामले में आरोपपत्र

दाऊद इब्राहिम का नजदीकी सहयोगी रहा है टकला

नयी दिल्ली : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के नजदीकी सहयोगी फारुक टकला के खिलाफ पासपोर्ट में जालसाजी के एक मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसका इस्तेमाल उसने 1993 मुंबई बम विस्फोटों के बाद कानून से बचने के लिए गलत पहचान की आड़ में फरार होने के लिए किया।

यह जानकारी अधिकारियों ने दी।सूत्रों ने बताया कि मोहम्मद फारुक उर्फ फारुक टकला (58) को आठ मार्च 2018 को राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस समय पकड़ा गया था जब वह दुबई से एयर इंडिया की एक उड़ान से यहां पहुंचा था। माना जाता है कि उक्त अभियान को केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक पासपोर्ट (नंबर जे6435628) मिला था जो मुश्ताक मोहम्मद मियां के नाम से जारी था। मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष हाल में दायर सीबीआई के आरोपपत्र के अनुसार फारुक ने मुश्ताक की पहचान 1991 में ली थी जब उसने मुंबई में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) से अपने नाम से एक पासपोर्ट हासिल करने के लिए झूठी सूचना मुहैया की थी। उसने दुबई और अन्य खाड़ी शहरों में निवास के लिए इस पहचान का कथित रूप से इस्तेमाल किया जबकि उसने कथित रूप से इब्राहिम के लिए काम किया और 1993 के मुंबई विस्फोटों को अंजाम देने के वास्ते साजोसामान के साथ मदद की।

उन्होंने कहा कि विस्फोटों के बाद फारुक की गिरफ्तारी के लिए 1995 में उसके खिलाफ एक इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस (नंबर ए 385/7 1995) जारी किया गया था लेकिन फर्जी पासपोर्ट ने कानून के शिकंजे से बचने में कथित रूप से उसकी मदद की। आरोपपत्र में दावा किया गया है कि 2001 में उसने अपना पासपोर्ट नवीनीकृत कराने के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूतावास से संपर्क किया था।